संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनितिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरुआत १९७२ ई। में ५ जून से १६ जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन से हुई। ५ जून १९७३ ई। को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का विषय है सोचें, खायें और सहेजें (Think.Eat.Save). विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम दिनाँक 5 जून 2013 को संस्थान में आयोजित किए गये। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. यू. प्रकाशम एवं डॉ. एस.ए. अंसारी समूह समन्वयक (अनुसंधान) द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मनाये जाने के महत्व पर समुचित प्रकाश डाला गया तथा संयुक्त राष्ट्र के महासचिव द्वारा जारी संदेश को पढ़कर सुनाया गया । तत्पश्चात व्याख्यान एवं "Raising CO_2 in the Atmosphere is Beneficial or Harmful" विषय पर एक वाद – विवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार रखे गये जिसके पश्चात उक्त विचारों का विश्लेषण डॉ. अविनाश जैन, प्रभागाध्यक्ष वन परिस्थितिकी प्रभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री पी. सुब्रमण्यम, कार्यालय प्रमुख द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितिन कुलकर्णी, प्रभागाध्यक्ष, वन विस्तार प्रभाग द्वारा किया गया ।

Audience during World Environment Day

Address by Dr. U. Prakasham, Director, TFRI,

Address by Dr. S.A. Ansari, GC(R), TFRI

Debate Competition